भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 25.04.2025

## आरेडिका के ज्ञानदा बाल मन्दिर विद्यालय में "प्ले ग्राउण्ड" का उद्‌घाटन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक–25.04.2025 आरेडिका के ज्ञानदा बाल मन्दिर विद्यालय में बच्चों के खेलने के लिए प्ले ग्राउण्ड का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा एवं आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा द्वारा किया। पार्क में बच्चों के लिए झूले, घूमने, कूदने तथा फिसलने के उपकरण एवं खिलौने लगाए गये हैं जिनसे बच्चे पढ़ाई के साथ–साथ मनोरंजन एवं हल्का व्यायाम कर सकें।

महाप्रबंधक महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि, बच्चे किसी भी देश के भविष्य होते हैं जिन पर किसी देश की बुलन्द इमारत का निर्माण होता है। बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए पढाई के साथ–साथ खेल–कूद भी जरूरी होते हैं, जिससे बच्चे मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वास्थ्य रहते हैं। खेलों से बच्चों के मन में खुशी के भाव उत्पन्न होते हैं जिससे उनके मन में एक सकारात्मक ऊर्जा संचार होता है।

ज्ञानदा बाल मन्दिर विद्यालय की प्रधानाचार्या रीता सिंह ने अपने सम्बोधन के माध्यम से विधालय के बारे में जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस समय विद्यालय में 270 विद्यार्थी शिक्षण लाभ प्राप्त कर रहे हैं। विद्यालय के छोटे–छोटे बच्चों द्वारा स्वागत गीत, एवं सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। महाप्रबंधक महोदय एवं आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा ने ज्ञानदा बाल मन्दिर के बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज जिन्दल, मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक अकमल वदूद, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र,पदमश्री एवं अर्जुन अवाडी सुधा सिंह, महिला कल्याण संगठन की सचिव विजया श्रीवास्तव तथा अन्य सदस्याएं, वानी जैन, वॉबी जिन्दल, सीमा पाण्डेय, अनुपमा कपूर, बिन्दु मौर्या, सिन्धु झा, ज्ञानदा बाल मन्दिर विद्यालय की अध्यापिकाएं सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अनिल श्रीवास्तव 25/04/25

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जन संपर्क अधिकारी